Copy

...ों में नहीं जगह, रोडवेज बसें बनेंगी यात्रियों का सहारा



...की टेंशन

मेरठ, वरिष्ठ संवाददाता। दीवाली, गोवर्धन, भैया दूज और छठ पूजा पर्व के चलते ट्रेनें फुल हो चुकी हैं। किसी भी ट्रेन में कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा है। तात्काल में भी लंबी वेटिंग मिल रही जो कंफर्म टिकट में बदलना मुश्किल है। इसे देखते हुए लोग रोडवेज बसों के साथ ही हवाई यात्रा को ही विकल्प के तौर पर देख रहे हैं।

रोडवेज ने भी लोगों की परेशानी को देखते हुए 6 नवंबर से 17 नवंबर तक दीवाली अभियान की घोषणा कर दी है। रोडवेज का दावा है कि लोगों को



उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए सभी लंबे रूटों पर बसों की व्यवस्था की गई है। लोकल रूटों पर बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे। ट्रेनों में जगह नहीं मिलने पर अब लोगों के सफर में रोडवेज बसें ही सहारा रह गई हैं। दीवाली अभियान के लिए मेरठ रोडवेज रीजन ने भी पूरी तैयारी के साथ सभी रूटों पर बसों की व्यवस्था कर दी है। इसके साथ ही पूर्वांचल के लोगों को उनके घरों तक पहुंचाने के लिए दिल्ली के आईएसबीटी और आनंद विहार बस टर्मिनल से 100 से ज्यादा बसें चलाने का निर्णय लिया है।

दीवाली अभियान: 200 से ज्यादा बसों की व्यवस्था

दीवाली अभियान के लिए लंबी दूरी के रूटों पर 200 से ज्यादा अतिरिक्त बसें चलाने का निर्णय लिया है। मेरठ डिपो ने 3ग्मेरठ के लिए 6, बलांगी धाम के लिए 4, अंबाला के लिए 4, ऋषिकेश के लिए 18, देहरादून के लिए 12, किशीरी और शामली के लिए 25-25 और दिल्ली रूट पर 20 बसें लगाई हैं। डिपो प्रभारी रहीमुद्दीन ने बताया कि दिल्ली से पुर्वांचल जाने वाले यात्रियों के लिए 45 बसें आईएसबीटी दिल्ली से संचालित की जाएंगी। वहीं, सहारनपुर डिपो प्रभारी आसिफ अली ने बताया कि यहां से डिपो की ओर से बरेली के लिए 25, आगरा के लिए 25, गोरखपुर के लिए 10, कानपुर के लिए 8, लखनऊ के लिए 6, बुलंदशहर के लिए 60, लखीमपुर के लिए 4, बदायूं के लिए 10, और मुरादाबाद के लिए 15 बसें लगाई जाएंगी।

ट्रेन हो चुकी पैक, नहीं मिल रहा कंफर्म टिकट

मेरठ से होकर जाने वाली लंबे रूटों की ट्रेनों संगम एक्सप्रेस, नीलांचल एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस, वंदे भारत एक्सप्रेस, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, शालीमार एक्सप्रेस, गोल्डन टैम्पल एक्सप्रेस, हरिद्वार-बांद्रा एक्सप्रेस, कलिंग उत्कल एक्सप्रेस आदि मुख्य ट्रेनें में वेटिंग 100 के पार पहुंची हुई हैं। अब यात्रियों के सामने रोडवेज बसों के साथ ही दीवाली आदि बसों का ही विकल्प रह गया है।

रोडवेज कर्मियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

रोडवेज ने दीवाली अभियान को सफल बनाने के लिए न केवल बस संचालन स्टाफ की छुट्टी 6 नवंबर से 17 नवंबर तक के लिए प्रतिबंधित कर दी है बल्कि चालकों और परिचालकों के साथ ही वर्कशॉप कर्मियों के लिए प्रोत्साहन राशि की भी घोषणा की है। इसमें 12 दिन में 3600 किलोमीटर बस चलाने पर 4800 रुपये और 11 दिन में 3300 किलोमीटर बस चलाने पर 4400 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। कार्यशाला एवं डीजल अनुभाग ईटीएम, बैग सेक्शन एवं सीधे आउटसोर्स कार्मिक के लिए 12 दिन छुट्टी करने पर 2500 रुपये और 11 दिन के लिए 2100 रुपये प्रोत्साहन भत्ता दिया जाएगा।

अलीपुर मोरना स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बनी पानी की टंकी पर कई किसान अनिश्चितकालीन धरना देकर बैठ गए

गन्ने का न्यूनतम भाव बढ़ाने, शीघ्र भुगतान को टंकी पर चढ़े किसान

आक्रोश

हस्तिनापुर, संवाददाता। गन्ने के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी और पिछले बकाया भुगतान की मांगों को लेकर किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। अलीपुर मोरना स्थित पैंएचसी परिसर में बने पानी की टंकी पर कई किसान चढ़कर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। इससे पुलिस और प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है। हालांकि अलीपुर मोरना में अपनी मांगों को लेकर टंकी पर चढ़ रहे किसानों को एसडीएम मंधाना संतोष कुमार सिंह व सीओ पंकज लवानिया ने आश्वासन दिया कि जो पुराना बकाया भुगतान रुका है उसका ब्याज समिति द्वारा तैयार किया जा रहा है जो वे गुरुवार को उनके कार्यालय में आकर देख सकते हैं इस आश्वासन पर



बुधवार को अलीपुर मोरना में मांगों को लेकर पानी की टंकी पर चढ़े किसान।

- मन्ने का न्यूनतम भाव बढ़ाकर 700 रुपये प्रति कुंतल करने की मांग
- किसान बोले- ज्ञापन देकर थक चुके हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई

किसान नीचे उतर गए। किसानों की मुख्य मांग है कि गन्ने का न्यूनतम भाव बढ़ाकर 700 रुपये प्रति कुंतल किया जाए।

चौनी मिलें चालू होने से पूर्व ही गन्ने के नए भावों का स्पष्ट ऐलान किया जाए। पिछले सत्रों का बकाया गन्ना भुगतान ब्याज के साथ तुरंत जारी किया जाए। पानी की टंकी पर चढ़े किसान शौकीन, बालू और आजाद का कहना है कि वे प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन देकर थक चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसानों ने साफ शर्त रखी है कि जब तक राज्य मंत्री दिनेश खटीक और गन्ना समिति के चेयरमैन विनोद भाटी मौके पर आकर लिखित आश्वासन नहीं देते, तब तक वे टंकी से नीचे नहीं उतरेंगे।

सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष दुष्यंत शर्मा पुलिस बल के साथ पहुंचे और किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़े रहे। इसके बाद नायब तहसीलदार कुलदीप सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर फोन के जरिए किसानों से वार्ता की, मगर वार्ता विफल रही।

महिला किसानों ने मेडा भवन पर जड़े ताले, जमकर हंगामा



बुधवार को मेडा में बत्ती गुल होने पर किसानों को समझाते पुलिस अफसर।

मेरठ, वरिष्ठ संवाददाता। बढ़े प्रतिकर की मांग को लेकर मेरठ विकास प्राधिकरण में चल रहा तीन आवासीय योजनाओं के किसानों का धरना बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा।

किसानों के साथ धरने पर बैठी महिला जोनों ने शाम को मेडा भवन के तीन गेटों पर ताला लगा दिया। इसके चलते मेडा कर्मचारी अंदर ही बंद हो गए। मामले की सूचना पर सीओ सिविल लाइन भारी पुलिस बल लेकर पहुंचे और किसानों से ताला खोलने की अपील की लेकिन किसानों ने मेडा वीसी संजय कुमार मीना को बुलाने की मांग की। पुलिस और किसानों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। इसके बाद मेडा वीसी संजय कुमार मीना कार्यालय पहुंचे और किसान प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक हुई। किसान नेता गौरव गुर्जर खाजीपुर और जसवीर प्रधान ने बताया कि मेडा वीसी के साथ बातों में बात नहीं बनी। इस मौके पर प्रशांत कसाना, कृपाल सिंह, अज्जू बैंसला, सतीश शर्मा, सुरेश बैंसला आदि रहे।

अप्रैल को लेकिन किसानों ने मेडा वीसी संजय कुमार मीना को बुलाने की मांग की। पुलिस और किसानों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। इसके बाद मेडा वीसी संजय कुमार मीना कार्यालय पहुंचे और किसान प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक हुई। किसान नेता गौरव गुर्जर खाजीपुर और जसवीर प्रधान ने बताया कि मेडा वीसी के साथ बातों में बात नहीं बनी। इस मौके पर प्रशांत कसाना, कृपाल सिंह, अज्जू बैंसला, सतीश शर्मा, सुरेश बैंसला आदि रहे।

शहर 30s

भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति घोषित

मेरठ। भाजपा महिला मोर्चा की बुधवार को जिला कार्यसमिति की घोषणा की गई। सीसीएसयू की छात्र राजनीति से निकली संध्या त्यागी, ममता सिंह और रीना सैनी को जिला महामंत्री बनाया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष हरवीर पाल और महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीत सिंह गुर्जर की ओर से जारी कार्यसमिति में जिला उपाध्यक्ष पद पर अर्चित चौधरी, रेखा राणा, सविता अर्या, पूनम जाटव, सुधा देवी, प्रीति, सलमा खान और प्रेमलता सक्सेना को नियुक्त किया गया है।

महिला मोर्चा की सूची पर घमासान

मेरठ। भाजपा मेरठ महानगर महिला मोर्चा की कार्यसमिति की सूची को लेकर पार्टी के भीतर ही हवा अंतर्कलह सामने आया है। महानगर अध्यक्ष श्वेता चौहान के सोशल मीडिया अकाउंट से जारी सूची के बाद विवाद ने तूल पकड़ लिया। बताया जा रहा है सोशल मीडिया पर दो अलग-अलग रंगों। एक हल्का और एक गहरा। में दो सूचियां वायरल हो रही हैं, जिनमें कई कार्यकर्ताओं के नाम अचानक शामिल या गायब कर दिए गए हैं, तो वर्ड के प्रदों में फेरबदल कर दिया गया है।

पूर्व सैनिकों के लिए जागरुकता शिविर आयोजित

मेरठ। जिला सैनिक कल्याण विभाग की ओर से बुधवार को ग्राम गगोल में पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों एवं वीर नारियों के लिए एक विशेष जागरुकता शिविर लगा। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय से कनिष्ठ सहायक माल, कल्याण कार्यकर्ता मनीष, आदित्य और शोकेन्द्र मौजूद रहे। इस दौरान आईसीआईसीआई बैंक के प्रतिनिधि अतुल शर्मा ने शिविर में पूर्व सैनिकों के जीवन प्रमाण पत्र बनाए, जिससे पेंशन संबंधी कार्यों में बड़ी आसानी हुई।

प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी युवती

सरूरपुर। इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। इसके बाद युवती घर छोड़कर प्रेमी के साथ रहने लगी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने तलाश शुरू की। बुधवार को युवती अपने प्रेमी के साथ जाने पहुंच गई और खुद को बालिग बताते हुए प्रेमी के साथ रहने की इच्छा जताई। सूचना पर थाने पहुंचे परिजनों ने बेटी को काफी समझाया, लेकिन उसने प्रेमी के साथ रहने की बात कही। आखिरकार परिजनों को उसकी बात माननी पड़ी।

जूनियर इंजीनियरों ने दिया धरना

मेरठ। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन उत्तर प्रदेश के बैनर तले बुधवार को संगठन पदाधिकारियों, सदस्यों ने विक्टोरिया पार्क स्थित मुख्य अभियंता प्रथम एवं द्वितीय जोन के दफ्तर पर धरना-प्रदर्शन किया। संगठन की क्षेत्रीय शाखा मेरठ के पदाधिकारियों की बैठक हुई। अध्यक्षता जितायुष्य गुरुदेव ने की क्षेत्रीय सचिव अरुनी कुमार सिंह, जिला सचिव रविंद्र कुमार, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव त्यागी समेत अन्य पदाधिकारी, सदस्य शामिल हुए।

रचनात्मक गतिविधियों में छात्रों ने दिखाया हुनर

मेरठ। सीसीएसयू द्वारा दो वाणिज्य विभाग में हुए दीवाली धमाका कार्निवल में विद्यार्थियों ने खानपान, मनोरंजक गेम्स, आर्टिफीशियल जैवरी, दीपावली के सजावटी सामान एवं आकर्षक उपहारों के स्टॉल लगाए। प्रोफेसर-इन-चार्ज प्रो. रविन्द्र कुमार शर्मा, डॉ. बबीता त्यागी, डॉ. हिमांशी बंसल, डॉ. आरू त्यागी, डॉ. सोनम शर्मा, डॉ. शालिनी वर्मा, टीपिका वर्मा एवं डॉ. दीपक माथुर ने विद्यार्थियों को कक्षा से बाहर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने को प्रोत्साहित किया।

रंगदारी: उधम, इनामुल्लाह समेत पांच पर मुकदमा दर्ज

मेरठ, प्रमुख संवाददाता। माफिया उधम सिंह द्वारा चिट्ठी भेजने के मामले में अंकुर शर्मा ने बताया कि उनके आवूलेंस स्थित कार्यालय पर 1 नवंबर की रात करीब नौ बजे एक लिफाफे में चिट्ठी आई थी। खोलकर देखा तो अंदर धमकी भरी चिट्ठी और कारतूस था।

उधम सिंह के नाम से 50 लाख रुपये मांगे गए थे और नहीं देने पर हत्या की धमकी दी थी। अंकुर शर्मा ने पुलिस को सूचना दी। मामला एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति और एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले तक पहुंचा।

> अंकुर शर्मा की शिकायत मिली थी। उधम सिंह के नाम से धमकी भरी चिट्ठी और कारतूस भेजकर रंगदारी मांगी गई है। मुकदमा दर्ज किया गया है।
> -विनायक गोपाल भोसले, एसपी सिटी

प्रकरण में तुरंत सदर बाजार थाने में उधम सिंह, इनामुल्लाह और तीन अन्य अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कराया गया।

बताते कि उधम सिंह ने अपने साथियों के साथ छह सितंबर को किरानी सुगर मिल पहुंचकर जीएम केपी सिंह को भी धमकाया था।

एसटीएफ ने 50 हजारी को दबोचा

मेरठ। एसटीएफ ने 50 हजार रुपये के इनामी गैंगस्टर को कुनलेजहर के बरातल रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी तार चोरी के मामले में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई होने के बाद से फरार था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अरबाज पुत्र उम्मेद के रूप में हुई है।

एसटीएफ एसपी बृजेश सिंह ने बताया कि अरबाज जाकिर कॉलोनी में एक कबाड़ की दुकान पर काम करता था। जनवरी 2024 में मनोज, अक्षय उसकी दुकान पर चोरी का सामान बेचने पहुंचे थे। अरबाज की दोनों से जान-पहचान हो गई। इसके बाद तीनों ने दोषद थाना क्षेत्र में तार चोरी की बड़ी वारदात की।

कृषि विवि में मेला संपन्न, पुरस्कार वितरित किए

मोदीपुरम, संवाददाता। कृषि विवि में तीनदिवसीय अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का बुधवार को समापन हो गया। कुलपति डॉ. त्रिवेणी दत्त की अध्यक्षता में आयोजित समापन समारोह में मेले की उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

कुलपति डॉ. त्रिवेणी दत्त ने कहा कि मेले में लगाए गए 140 से अधिक स्टॉलों के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और उन्नत खेती की जानकारी दी गई। उन्होंने किसानों से गेहूं-धान के पारंपरिक फसल चक्र के साथ दलहन, तिलहन, मोटे अनाज और बागवानी को अपनाने की अपील की।

निदेशक प्रसार डॉ. सतेंद्र कुमार ने बताया कि मेले में 25 हजार से अधिक किसानों और कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय और बीज कंपनियों की ओर से 20 लाख रुपये से अधिक के उन्नत रबी फसलों के बीजों की बिक्री हुई। उद्यान महाविद्यालय के डीन डॉ. विजेंद्र सिंह ने बदलती जलवायु के अनुसार खेती की नई तकनीक अपनाने की जरूरत बताई।

पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के डीन डॉ. राजीव सिंह ने भी विचार रखे। संचालन डॉ. हरिओम कटियार ने किया।



बुधवार को कृषि विश्वविद्यालय में मेले के समापन पर पौधा अतिथि और अन्य।

इन्हें मिला स्थान

शिल्पिन श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन करने वाली कंपनियों और संस्थानों को सम्मानित किया गया। ओवरऑल सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार रामकिशन एग्री इनपुट्स प्राइवेट लिमिटेड, हंस इंजीनियरिंग वर्क्स, फोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड, फिनटल क्रॉप प्रोटेक्शन और कृष्णा फिलास्स को दिया गया। बैक समूह में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को प्रथम पुरस्कार मिला। विवि के जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, कटाई उपरांत प्रौद्योगिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण महाविद्यालय और बीज विक्रय केंद्र को भी प्रथम पुरस्कार मिला। कृषि विज्ञान केंद्रों में हस्तिनापुर, हापुड़ और अमरोहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

चाइनीज मांझे से पिता-पुत्र घायल

मेरठ। शहर में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का जानलेवा खतरा एक बार फिर सड़क पर दिखाई दिया। नौचंदी थाना क्षेत्र के हापुड़ अड्डे पर स्कूटी से जा रहे पिता-पुत्र अचानक चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए। इससे दोनों घायल हो गए। पिता अपने बेटे के साथ स्कूटी से हापुड़ अड्डे की ओर से गुजर रहे थे। इसी दौरान गले में अचानक मांझा लगने से दोनों संभल नहीं सके और घबला हो गए। किसी के हाथ पर मांझे से गहरा कट लगने के कारण उसे अधिक चोट आई। इसके बाद लोगों ने मौके पर पहुंचकर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार कराया गया। हादसे ने एक बार फिर शहर की सड़कों पर चाइनीज मांझे की मौजूदगी और उससे पैदा हो रहे खतरे को उजागर कर दिया है।



LIC HFL
LIC HOUSING FINANCE LTD

एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

मेरठ शाखा: मेरठ: एलआईसी ऑफ इंडिया, सीसीओ 2 विल्डिंग, गंगपल चौके नगर, मेरठ- 250004, उत्तर प्रदेश

ई-नीलामी बिक्री सूचना

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत एलआईसीएचएफएल का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में निम्नलिखित कर्जधारों/बंधककर्ताओं को वर्तित सूचनाओं में उल्लिखित राशि का भुगतान करने को कहते हुए मांग सूचना जारी की थी। किन्तु, कर्जधार/ बंधककर्ता वर्णित बकाया राशि को चुकाने में विफल रहे, अतः अधोहस्ताक्षरी ने वर्णित नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और धारा 14 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्तियों पर सांकेतिक कब्जा कर लिया है।

क्र. सं.	ऋणी / गारण्टर का नाम व पता	अचल सम्पत्ति का विवरण सेवर	रिजर्व मूल्य (रू.)	ईएमडी (आरक्षित मूल्य का 10%)	बैंक विवरण (भुगतानी को स्थानांतरित किया जाना है।)
1.	**1. श्री सुनील गुप्ता पुत्र श्री भगत राम गुप्ता (बन्धककर्ता),** फ्लैट 1: 472/1, ब्रह्मपुरी, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002। **पता 2.** म्यूनिसिपल नं. 648/1, पुराना म्यूनिसिपल नं. 116 से 130, 187, वर्तमान नं. 648/1, स्थित बागपत रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002। **2. श्रीमती सीमा गुप्ता पत्नी श्री सुनील गुप्ता (सह-बन्धककर्ता),** पता 1: 472/1, ब्रह्मपुरी, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002। पता 2. म्यूनिसिपल नं. 648/1, पुराना म्यूनिसिपल नं. 116 से 130, 187, वर्तमान नं. 648/1, स्थित बागपत रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002। **3. श्री राम वर्मा पुत्र श्री सुनील गुप्ता (सह-बन्धककर्ता),** पता 1: 472/1, ब्रह्मपुरी, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002। पता 2. म्यूनिसिपल नं. 648/1, पुराना म्यूनिसिपल नं. 116 से 130, 187, वर्तमान नं. 648/1, स्थित बागपत रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002। **4. श्रीमती चमेली (सह-बन्धककर्ता)** (अपने प्रारंभ की **सुनील गुप्ता, श्री सुनील गुप्ता पत्नी श्री राम वर्मा** के माध्यम से), मुख्य कार्यालय: 187, बागपत रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002। **5. पानम फैसिल सेंटर प्रा. लि. (सह-बन्धककर्ता)** (अपने निदेशकों के सुनील गुप्ता, सुश्री प्रतिभा अग्रवाल एवं श्री तनय वर्मा के माध्यम से), पंजीकृत कार्यालय 472/1, भागपत रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002।	**संपत्ति-1.** बंधक सम्पत्ति फ्लैट नगर निगम संख्या पुराना नं. 187 एवं नया नं. 648, स्थित बागपत रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश, क्षेत्रफल 212.37 वर्ग मीटर, कामना मेडिकल सेंटर प्रा. लि. के नाम दर्ज है। सीमाएँ:- पूर्व: फ्लैट विजय कुमार मदेशरी आर्य (वर्तमान में द्वितीय पक्ष), पश्चिम: विजय मित्तल की संपत्ति, उत्तर: बागपत रोड, दक्षिण: केयूसी हॉस्पिटल की संपत्ति। **संपत्ति-2.** बंधक सम्पत्ति फ्लैट नगर निगम संख्या पुराना नं. 187 एवं नया नं. 648, स्थित बागपत रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश, क्षेत्रफल 260.32 वर्ग मीटर, कामना मेडिकल सेंटर प्रा. लि. के नाम दर्ज है। सीमाएँ:- पूर्व: केयूसी हॉस्पिटल की संपत्ति, पश्चिम: वीएमआई एंटरप्राइजेज का प्लॉट (वर्तमान में द्वितीय पक्ष), उत्तर: बागपत रोड तथा स्वरूप ताल बत्रा, सीता देवी एवं सुनील कुमार बत्रा की शाउंड प्लोर स्थित दुकान, दक्षिण: केयूसी हॉस्पिटल की संपत्ति। **संपत्ति-3.** बंधक सम्पत्ति नगर पालिका संख्या 648/1, पुरानी नगर पालिका संख्या 116 से 130, 187, वर्तमान नगर पालिका संख्या 648/1, स्थित बागपत रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश, क्षेत्रफल 752.50 वर्ग मीटर, मैसर्स कामना मेडिकल सेंटर प्रा. लि. के नाम दर्ज है। सीमाएँ:- पूर्व: डी. सुशील गुप्ता आरि की संपत्ति, पश्चिम: वेषी गई संपत्ति की दीवार, उसके बाद मित्तल साहब की संपत्ति, उत्तर:प्रथम पक्ष की संपत्ति, दक्षिण: अन्य व्यक्ति की संपत्ति। **संपत्ति-4.** बंधक सम्पत्ति भूमि स्थित बागपत रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश स्थित भूमि, जिसका क्षेत्रफल 1544.94 वर्ग मीटर का आधा भाग अर्थात 772.47 वर्ग मीटर है, श्री सुनील गुप्ता पुत्र श्री जगन्नाथ गुप्ता के नाम दर्ज है। सीमाएँ:- पूर्व: खाखवान, रोहताश कुमार एवं टी. एन. वैद्य की संपत्ति, पश्चिम: दीवान मिल्कियत विक्रेता तथा उसके बाद विक्रेता की संपत्ति, उत्तर: मुख्य बागपत रोड, दक्षिण: अल्ता मियाँ जी। **संपत्ति-5.** बंधक सम्पत्ति भूमि स्थित बागपत रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश स्थित भूमि, जिसका क्षेत्रफल 1544.94 वर्ग मीटर का आधा भाग अर्थात 772.47 वर्ग मीटर है, श्रीमती प्रतिभा पत्नी श्री सुनील गुप्ता के नाम दर्ज है। सीमाएँ: पूर्व: खाखवान, रोहताश कुमार एवं टी. एन. वैद्य की संपत्ति, पश्चिम: दीवान मिल्कियत विक्रेता तथा उसके बाद विक्रेता की संपत्ति, उत्तर: मुख्य बागपत रोड, दक्षिण: अल्ता मियाँ जी।	रू. 37,40,00,000/-	रू. 3,74,00,000/-	खाता नाम: LIC Housing Finance Ltd. Beneficiary Branch Name : Hazrat Ganj, Lucknow खाता नं. LICHFL111100006665 आईएफएससी कोड HDFC0000078

ई-नीलामी की वेबसाइट : https://www.bankeauctions.com | **प्राधिकृत अधिकारी का मोबाइल फोन, मो फोन: 8859098232, श्री अमित चतुर्वेदी, फोन नं. 7985004981**

नियत बकाई तिथि एवं समय: 02.12.2026 को शुल्क 11.00 बजे से

निरीक्षण/मूल्यवान संपत्ति तथा धरोहर की संक्षिप्त तिथि : 30.12.2026 को शाम 04.00 बजे से पहले

ई-नीलामी की तिथि: 11.12.2026 को दोपहर 01.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक (असीमित एक्सटेंशन के साथ)

आगे उक्त संपत्तियों/संपत्तियों की ई-नीलामी बिक्री के लिए यह सार्वजनिक सूचना (सरफेसी, अधिनियम 2002 और उसके तहत नियमों के नियमों और शर्तों के अनुसार) एलआईसीएचएफएल "जैसा है जहां है आधार" और "जो है यही है आधार" पर उक्त संपत्तियों की ई-नीलामी संचालित करने में प्रस्ताव आमंत्रित करता है।

नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें इस प्रकार हैं:-

(1) यह ई-नीलामी "जैसा है जहां है", "जो है यही है" और "आक्षय राशि आधार पर" आयोजित की जा रही है और "ऑनलाईन" आयोजित की जाएगी। ई-नीलामी एलआईसी-सारस्वत फाइनेंस द्वारा अनुमोदित ई-नीलामी सेवा प्रदाता "मै। इंडिया प्राइवेट लिमिटेड। (2) इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल https://bankeauctions.com पर अपना नाम दर्ज कराना होगा और अपना यूजर-आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना होगा। संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता मैसर्स मै। इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं0 68, तृतीय तल, सेक्टर-44, गुड़गांव- 122003, हरियाणा, फोन- 0124-4302000, मो0 नं0 +917080804466, ई-मेल: mithalesh.kumar@c1india.com से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण ले सकते हैं। (3) बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों और संपत्तियों के पूर्ण विवरण के लिए कृपया अनुमोदित ई-नीलामी सेवा प्रदाता "मैसर्स मै। इंडिया प्राइवेट लिमिटेड" की वेबसाइट और वेबसाइट https://bankeauctions.com देखें।

दिनांक: 04.11.2026 | **स्थान – मेरठ** | **प्राधिकृत अधिकारी, एलआईसी, हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**